आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है।
चाहवान सम्पर्क कर सकते हैं।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com



जालंधर, रविवार 23 फरवरी 2025

वंदे भारत 24

भारत के मन की बात





@vandebharat24 | vandebharat24 | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com


# पंजाब में जिस डिपार्टमेंट का नामोनिशान नहीं, उसके मंत्री बने बैठे थे कुलदीप सिंह धालीवाल

## AAP सरकार को 20 महीने बाद जाकर आया याद, पत्रकार बोले- यहाँ DOGE की जरूरत



ये कैसा खेल चल रहा है?

### पहले भी हो चुकी है विभाग में फेरबदल

रिपोर्ट्स के मुताबिक कुलदीप सिंह धालीवाल को पहले कृषि और किसान कल्याण विभाग सौंपा गया था लेकिन मई 2023 में हुए कैबिनेट फेरबदल में उनसे यह जिम्मेदारी वापस ले ली गई. इसके बाद उन्हें एनआरआई मामलों और प्रशासनिक सुधार विभाग का प्रभार सौंपा गया. सितंबर 2024 में हुए कैबिनेट बदलाव के दौरान भी वे इन विभागों के मंत्री बने रहे. लेकिन अब सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रशासनिक सुधार विभाग असल में कभी अस्तित्व में था ही नहीं.

### मंत्री ने पहले ही मांगा था स्पष्टीकरण?

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जब धालीवाल को प्रशासनिक सुधार विभाग सौंपा गया था तब उन्होंने सरकार से पूछा था कि उनके विभाग का सचिव कौन है. तब उन्हें बताया गया था कि यह विभाग असल में शासन सुधार का ही हिस्सा है. अब सरकार की ओर से अधिसूचना जारी कर स्पष्ट किया गया है कि यह विभाग स्वतंत्र रूप से अस्तित्व में नहीं है जिससे अब भ्रम की स्थिति खत्म हो गई है.

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार अपने एक मंत्रालय के चलते बुरी तरह घिर गई है और उसकी कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है. राज्य के मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल बीते 20 महीनों से एक ऐसे विभाग को चला रहे थे जो सरकारी दस्तावेजों में मौजूद ही नहीं था. इस खुलासे के बाद पंजाब सरकार ने अब विभाग से जुड़ी अधिसूचना जारी कर स्थिति स्पष्ट की है. विपक्षी दलों ने सरकार पर तीखा प्रहार किया है. बीजेपी और शिरोमणि अकाली दल ने इस मुद्दे पर क्कसरकार को घेरा है.

**20 महीने बाद सरकार को हुई गलती की भनक** – दरअसल पंजाब सरकार की ओर से जारी एक गजट अधिसूचना में यह स्पष्ट किया गया कि प्रशासनिक सुधार विभाग जो धालीवाल को सौंपा गया था वो अस्तित्व में नहीं है. अधिसूचना में कहा गया कि अब धालीवाल केवल एनआरआई मामलों के मंत्री के रूप में काम करेंगे. यह मामला तब सुर्खियों में आया जब धालीवाल को एनआरआई मामलों के मंत्री के रूप में अमृतसर में अमेरिका से लौटाए गए अवैध प्रवासियों के मुद्दे को संभालते देखा गया.

**विपक्ष ने साधा निशाना, बीजेपी ने बताया सरकार की नाकामी** – बीजेपी ने इस खुलासे पर तीखी प्रतिक्रिया दी है. बीजेपी प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि सोचिए, 20 महीनों तक मुख्यमंत्री को यह तक पता नहीं था कि उनके मंत्री एक ऐसा विभाग चला रहे हैं जो अस्तित्व में ही नहीं है.

यह पंजाब सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है. वहीं बीजेपी के आईटी विभाग प्रमुख अमित मालवीय ने भी अरविंद केजरीवाल पर हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार केवल दिखावे और प्रचार में व्यस्त है. पंजाब की हालत बेहद खराब हो चुकी है.

### अकाली दल ने भी किया हमला, दिल्ली से चल रही सरकार?

शिरोमणि अकाली दल की नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने भी क्क सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि पंजाब के मंत्रियों की कोई भूमिका ही नहीं है.

असल में सरकार दिल्ली से रिमोट कंट्रोल पर चलाई जा रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि क्कसरकार की असलियत अब जनता के सामने आ रही है और यह केवल एक उदाहरण है कि किस तरह से राज्य प्रशासन का मजाक बनाया जा रहा है.

# पहले शराब पी, फिर एक दोस्त ने दूसरे से की सेक्स की डिमांड; इनकार करने पर उतारा मौत के घाट

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** तेलंगाना में सिद्दीपेट में एक चौंकाने वाला मामले सामने आया है। जहां दो दोस्तों ने पहले शराब पी और बाद में एक ने दूसरे की हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, जांच में पाया गया कि आरोपी ने इस वारदात को इसलिए अंजाम दिया क्योंकि वह अप्राकृतिक सेक्स का विरोध कर रहा था। पुलिस ने बताया, 'आरोपी का नाम पर्वतम राजू है जो करीमनगर जिले के रेकुर्थी का रहने वाला है। वह 40 साल का है। केसीआर नगर के रहने वाले 38 वर्षीय बोडासु श्रीनिवास के साथ उसके बहुत करीबी संबंध थे।

राजू की पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। ऐसे में वह काफी समय से अकेला रह रहा था। 19 फरवरी को राजू और श्रीनिवास की मुलाकात हुई। दोनों ने शराब पी। इसके बाद राजू ने श्रीनिवास के साथ अप्राकृतिक सेक्स करने की कोशिश की। श्रीनिवास इसका विरोध करने लगा और उसे रोकने का प्रयास किया तो दोनों के बीच झगड़ा हो गया और राजू ने श्रीनिवास को डंडे से पीट-पीट कर मार डाला और वहां से भाग गया। श्रीनिवास की पत्नी ने हत्याकांड को लेकर एफआईआर दर्ज कराई है। शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और अब मामले को सुलझा लिया गया है।




HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525

आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



# गूगल पे के जरिए 4500 रुपए रिश्वत लेने वाला हवलदार विजीलेंस ब्यूरो द्वारा गिरफ्तार

**जालंधर (अंशु कपूर) :** पंजाब विजीलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार विरोधी अपनी कार्रवाई के तहत, पुलिस थाना डिवीजन-5, जालंधर में तैनात एक पुलिस हवलदार कुलविंदर सिंह (2153/कमिश्नरेट) को 4500 रुपए रिश्वत मांगने और लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए विजीलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि यह मामला भार्गो कैंप, जालंधर के रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार विरोधी एक्शन लाइन पर दर्ज कराई गई ऑनलाइन शिकायत की जांच के बाद दर्ज किया गया है।



### आरोपी पुलिस कर्मी शिकायकर्ता से मांग रहा था 10 हजार रुपए

प्रवक्ता ने आगे बताया कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उक्त पुलिस थाने में उसके खिलाफ एक मामला दर्ज था, लेकिन उक्त पुलिस कर्मी ने बिना किसी दस्तावेजी कार्रवाई के शिकायतकर्ता का मोबाइल फोन अपने पास रख लिया था।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी पुलिस कर्मचारी उसका फोन वापस करने और मामले में उसकी मदद करने के बदले 10,000 रुपए की मांग कर रहा था और पैसे न देने की स्थिति में उसके खिलाफ साइबर अपराध के तहत एक और मामला दर्ज करने की धमकी दे रहा था।

### आरोपी ने गूगल पे के जरिए लिए थे 4500 रुपए

शिकायत के अनुसार, इस पुलिस कर्मचारी ने गूगल पे के जरिए 4500 रुपए लिए थे और 5500 रुपए और मांग रहा था, हालांकि उसका तबादला किसी अन्य स्थान पर हो चुका था।

विजीलेंस ब्यूरो द्वारा की गई जांच के दौरान, इस शिकायत में लगाए गए आरोप सही साबित हुए। इसके बाद हवलदार के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7, 13(2) के साथ-साथ 13(1) ए और बीएनएस की धारा 308(2), 308(3), 316(5), 336(2), 336(3), 340(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी को कल सक्षम अदालत में पेश किया जाएगा और इस मामले की आगे जांच जारी है।

## फायरिंग कर कैश वैन से की थी 93 लाख लूट, कर्नाटक पुलिस ने जालंधर में रेड कर इस तरह पकड़ा आरोपी

**जालंधर (पंकज शर्मा) :** कर्नाटक में कैश वैन से 93 लाख की लूट करने के मामला को लेकर कर्नाटक पुलिस द्वारा जालंधर में रेड की गई है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बताया जा रहा है कि कर्नाटक पुलिस आरोपी को अपने साथ ले गई है।



दरअसल, बिहार के रहने वाले आलोक कुमार उर्फ आशुतोष और अमन कुमार ने एक साथ मिलकर बीते 16 जनवरी को कर्नाटक में एसबीआई बैंक की कैश वैन को घेर कर मिर्ची पाउडर आंख में झोंक दिया और फायरिंग शुरू कर दी। इस सारे घटनाक्रम में एक कर्मचारी की मौत हो गई थी। वहीं, दूसरा व्यक्ति घटना में गंभीर रूप से जख्मी हुआ था। ये लूट करीब 93 लाख रुपए की थी। उक्त वारदात के बाद से पुलिस आरोपियों के पीछे लगी हुई थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने जालंधर में रेड कर एक आरोपी को हिरासत में लिया है।

## सड़क किनारे बैठे लोगों पर चढ़ा अनियंत्रित ट्रक, एक युवक की मौत; परिजनों ने लगाया धरना

**जालंधर (पवन कश्यप) :** कपूरथला के सुल्तानपुर लोधी में शनिवार सुबह लगभग साढ़े 8 बजे एक पार्सल डिलीवरी ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बैठे लोगों पर चढ़ गया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद पीड़ित परिवारों के लोगों ने इंसाफ की मांग करते हुए सड़क जाम कर धरना दिया गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया।



डीएसपी सबडिवीजन दीपकरण सिंह ने बताया कि मौके पर टीम सहित पहुंचे सदर एसएचओ गौरव धीर और भुलाना चौकी इंचार्ज दविंदर पाल ने प्रदर्शनकारियों को उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर धरना समाप्त करवा दिया है।

वहीं, घायल व्यक्ति की गंभीर हालत को देखते हुए सिविल अस्पताल से रेफर कर दिया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रखवा दिया है। बता दें कि सुल्तानपुर लोधी सड़क पर गांव खेड़ा दोना के नजदीक सुबह लगभग साढ़े 8 बजे एक पार्सल डिलीवरी ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बैठे लोगों पर चढ़ गया, जिसकी चपेट में दो लोग आ गए। हादसे में धनसागर कुमार की मौत हो गई है जबकि सौरव कुमार गंभीर रूप घायल हो गया।

डीएसपी दीपकरण सिंह ने बताया कि हादसे के बाद प्रदर्शन कर रहे लोगों की मांग थी कि ट्रक ड्राइवर पर उचित कार्रवाई कर उन्हें इंसाफ दिलाया जाए। सदर एसएचओ गौरव धीर ने उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर धरना समाप्त करवा दिया है।

# सरकारी बाबुओं में बढ़ा भ्रष्टाचार: पंजाब में दोषी करार दिए जाने वाले कुल मामलों में 6.50% सरकारी अधिकारी

**जालंधर (जसप्रीत सिंह) :** वर्ष 2022 के बाद से पंजाब में सरकारी बाबुओं के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतें बढ़ गई हैं, जिस कारण विजिलेंस ब्यूरो के सरकारी बाबुओं पर ट्रैप लगाने की दर भी 9.68 प्रतिशत बढ़ गई है। यह देखते हुए पंजाब सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई तेज कर दी है। पिछले तीन साल में कुल मामलों में से 6.50 फीसदी सरकारी अधिकारी हैं, जिनके खिलाफ दोषसिद्धि हुई है। वहीं, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के बाद अब सरकार की नजर तहसीलों में तैनात भ्रष्ट अधिकारियों पर है। विधायकों की रिपोर्ट के आधार पर इन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी की जा रही है।



विजिलेंस ब्यूरो के रिकॉर्ड के अनुसार वर्ष 2019 से लेकर 2021 तक विजिलेंस की तरफ से कुल 404 शिकायतों पर ट्रैप लगाया गया, जिसमें 31 सरकारी बाबू शामिल थे। 2022 से लेकर 2024 तक कुल 447 शिकायतों पर ट्रैप लगाया और इस दौरान 34 सरकारी अधिकारियों पर दबिश दी गई। इस तरह सरकारी बाबुओं पर ट्रैप की कार्रवाई में 9.68% बढ़ोतरी दर्ज की गई। विजिलेंस की तरफ से वर्ष 2022 में कुल 83 मामलों में ट्रैप लगाया गया, जिसमें 66 गैर सरकारी संगठन (एनजीओ), 11 निजी और 6 सरकारी अधिकारी शामिल थे।

वर्ष 2023 के दौरान इसमें बढ़ोतरी देखने को मिली। इस दौरान 129 एनजीओ, 44 निजी और 18 सरकारी बाबुओं के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसी तरह 2024 में 173 मामलों में विजिलेंस की तरफ से ट्रैप लगाया गया। इसमें 129 एनजीओ, 34 निजी और 10 सरकारी बाबुओं के खिलाफ कार्रवाई शामिल थी। इसी तरह अगर वर्ष 2019 से लेकर 2024 तक की बात की जाए तो इसमें कुल मामलों में से 7.34% में सरकारी अधिकारी शामिल थे, जिनके खिलाफ दोष सिद्धि हुई है।

### अब तहसीलों में कार्रवाई की तैयारी

सरकार अब तहसीलों में तैनात उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर रही है, जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार को लेकर शिकायतें आ रही हैं। विजिलेंस ब्यूरो के पास पिछले कुछ समय में रिश्वत के मामलों को लेकर शिकायतें भी आई हैं। इसके बाद ही तहसीलदारों और पटवारियों के खिलाफ ब्यूरो की तरफ से ट्रैप लगाया गया और उनके खिलाफ कार्रवाई भी की गई। पिछले तीन दिनों से सरकार ने भ्रष्टाचार व अन्य मामलों को लेकर सरकारी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। पहले सरकार ने विजिलेंस ब्यूरो के चीफ डायरेक्टर को पद से हटा दिया है। साथ ही मुक्तसर के डीसी राजेश त्रिपाठी को निलंबित भी कर दिया। इसके बाद 52 पुलिस कर्मियों को बर्खास्त भी किया गया, जिसमें एक इंस्पेक्टर, पांच एएसआई, चार हेड कांस्टेबल और 42 कांस्टेबल शामिल हैं।

*भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की तरफ से सख्त कार्रवाई की जाएगी। सरकार की तरफ से अधिकारियों को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। सभी लोग अपनी राय और अफसरों की फीडबैक सरकार को दें, ताकि प्रशासन में बड़े स्तर पर सुधार संभव हो सके। इससे लोगों तक बिना किसी परेशानी के सरकारी सेवाओं की पहुंच होगी।*

***-अमन अरोड़ा, कैबिनेट मंत्री, पंजाब सरकार।***

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



# पंजाब के तरनतारन में दो जगहों पर एनकाउंटर, पुलिस की गोलीबारी में तीन बदमाश घायल; हथियार बरामद

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** विदेश में बैठे गैंगस्टरों द्वारा रंगदारी वसूलने के लिए माड्यूल तैयार करवाए गए हैं ऐसी भनक लगते हैं जिला पुलिस द्वारा क्षेत्र में चौकसी बरती जा रही थी। जिस दौरान विधानसभा पट्टी और खडूर साहिब में पुलिस के साथ बदमाशों के दो एनकाउंटर हुए जिसमें कुल तीन बदमाश घायल हो गए। पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है।




## गैंगस्टर प्रभु दासुवाल के हैं गुर्गे

विधानसभा हल्का पट्टी के गांव तूत के पास थाना सदर पट्टी की पुलिस के साथ एक एनकाउंटर हुआ जिसमें लवप्रीत सिंह व लवजीत सिंह नामक दो बदमाश घायल हो गए। उनका तीसरा साथी महकप्रीत सिंह निवासी गांव ठठ्ठा मौके पर काबू कर लिया गया उनके कब्जे से दो पिस्तौल बरामद किए गए हैं।

विदेश में बैठे गैंगस्टर प्रभु दासुवाल के यह गुर्गे है। इसी तरह विधानसभा का खडूर साहिब साहब के गांव खवासपुर में एक एनकाउंटर हुआ जिसमें एक बदमाश पुलिस की हत्थे चढ़ गया उसके कब्जे से एक पिस्तौल और बाइक बरामद की गई है।

## जनवरी में भी हुई थी मुठभेड़

जनवरी महीने में तरनतारन में पुलिस और आतंकियों में मुठभेड़ हुई थी। जब वर्ष 2022 में थाना सरहाली पर आरपीजी हमला करवाने वाले आतंकी लखबीर सिंह हरिके, सतनाम सिंह सत्ता नौशहरा, गुरदेव सिंह जैसल चंबल से संबंधित दो गुर्गों को सीआईए स्टाफ की पुलिस टीम ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया था।

आरोपितों से दो हैंड ग्रेनेड, एक पिस्तौल, चार कारतूस व कार बरामद हुई है। मुठभेड़ में घायल आरोपित रोबनजीत सिंह को अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है।

**मुठभेड़ में रणजीत सिंह राणा की हुई थी मौत** – तरनतारन के कस्बा हरिके में रविवार को आढ़ती राम गोपाल की गोलियां मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस की ओर से नामजद किए गए गैंगस्टर रणजीत सिंह राणा की बुधवार को गुरदासपुर जिले के कस्बा बटाला के गांव रंगड़ नंगल के पास पुलिस से मुठभेड़ में घायल होने के बाद मौत हो गई। इस मुठभेड़ में एक पुलिस कर्मी घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार रंगड़ नंगल थाने के अंतर्गत बुधवार शाम नाके के दौरान पुलिस पार्टी ने एक बाइक सवार को रोकने की कोशिश की। बाइक सवार आरोपित रणजीत सिंह राणा ने पुलिस पर गोलियां चलाकर वहां से फरार होने की कोशिश की।

**श्रीमुक्तसर साहिब में भी लॉरेंस गैंग से हुई थी मुठभेड़** – श्री मुक्तसर साहिब में सेतिया पेपर मिल रुपाणा के एक ठेकेदार से रंगदारी की राशि लेने आए लॉरेंस गैंग के तीन गुर्गों और पुलिस के बीच गांव लुबानियांवाली में मुठभेड़ हो गई। दोनों तरफ से फायर हुए।

इस दौरान पुलिस ने बाइक पर आए तीनों गुर्गों को गिरफ्तार कर लिया है। एक गुर्गे के पांव पर गोली लगी है। यह घटना शनिवार की रात करीब साढ़े दस बजे तब हुई जब वर्षा हो रही थी।




# जालंधर में नंबरदार ने लाइसेंसी बंदूक से खुद को मारी गोली, साइड नोट में चार लोगों को ठहराया जिम्मेदार

**जालंधर( पंकज शर्मा ) :** जालंधर के लोहिया खास थाने के अंतर्गत गांव करहा राम सिंह में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां नंबरदार जगतार सिंह ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार जगतार सिंह ने बाथरूम में खुद को गोली मार ली, जो उसके मुंह के पास लगी। इस घटना से मृतक के परिवार वाले गहरे सदमे में हैं।



**मृतक ने साइड नोट में चार लोगों को जिम्मेदार ठहराया** – पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के बेटे हरदेव सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके पिता बाथरूम में गए और खुद को गोली मार ली। अपने सुसाइड नोट में मृतक जगतार सिंह ने अपनी मौत के लिए चार लोगों को जिम्मेदार ठहराया है, जिनमें से तीन उसके गांव के हैं और एक गांव के बाहर का है।

**पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला किया दर्ज** – फिलहाल पुलिस ने इन चारों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सब इंस्पेक्टर सुखविंदर सिंह ने बताया कि सुसाइड नोट में मृतक जगतार सिंह ने चारों लोगों पर उसे लगातार परेशान करने का आरोप लगाया है।

जिसके आधार पर पुलिस ने चारों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिसमें मलकीत सिंह, प्रीतम सिंह, बलवीर सिंह सभी गांव कराह निवासी और वरिंदर सिंह मलोट निवासी शामिल हैं।

# अपने घर में भी है रोटी: कनाडा की पीआर छोड़ घर लौटे मनमीत को बहन ने कहा था पागल, अब खेती से तबड़ा मुनाफा

**जालंधर( पवन कश्यप ) :** कनाडा की पीआर और वहां हर घंटे डॉलरों के रूप में होने वाली मोटी कमाई के बावजूद दिल में कसक थी कि विदेश सरजमीं पर अपने देश जैसा अपनापन नहीं है और पंजाब की मिट्टी की वो सौंधी-सौंधी खुशबू के लिए भी मन तरसता था। बस फिर क्या था कि पटियाला के गांव अलीपुर के युवा किसान मनमीत सिंह ने एक ही झटके में डॉलरों की चकाचौंध को त्यागा और अपने वतन की वापसी कर ली।

37 साल के मनमीत सिंह बताते हैं कि उनकी बहन कनाडा में रहती थी। साल 2014 में कनाडा का वीजा लगने के बाद जब वह वहां गए, तो कुछ ही महीनों के बाद उन्हें पीआर मिल गई थी। पीआर मिलने के बाद कनाडा के नागरिकों की तरह उन्हें सारी सुविधाएं मिलने लगी थीं। शुरुआत में उन्होंने एक फैक्टरी में काम किया, लेकिन बाद में ट्रक ड्राइवरी करने लगे और इससे वह एक घंटे का 28 डॉलर तक कमा लेते थे। सब अच्छा जा रहा था और बढ़िया कमाई हो रही थी। गांव अलीपुर में अपनी पत्नी व बेटे को हर महीने काफी डॉलर भेज पा रहे थे, लेकिन आसपास के लोगों में अपनेपन की कमी देख दिल में टीस उठती थी, अपने खेतों की बहुत याद आती थी। पंजाब की मिट्टी की सौंधी-सौंधी खुशबू के लिए मन तरसता था।



## बहन ने कहा, तू पागल है

मनमीत सिंह बताते हैं कि बस फिर क्या था बहन से बात की कि वह वापस अपने गांव जाकर खेतीबाड़ी करना चाहते हैं। बहन ने कहा कि तू पागल है, जो पीआर छोड़कर अब वापस जाकर खेतीबाड़ी करेगा। इससे तुझे क्या बचेगा। आगे जाकर बेटे को अच्छी शिक्षा कैसे देगा। मनमीत ने बताया कि अमेरिका में बसे उससे ममेरे भाई ने भी फोन करके कहा कि अगर कनाडा में नहीं रहना है तो अमेरिका आ जा। कुछ सालों में अमेरिका की पीआर मिल जाएगी, लेकिन मनमीत ने अपने दिल की सुनी और पंजाब की सरजमीं पर 2019 में लौट आए।

## खेती में लगाया मन और अब अच्छा मुनाफा

इसके बाद उन्होंने मुड़कर कनाडा या फिर अमेरिका का रुख नहीं किया। वर्ष 2028 तक का उनका अमेरिका का वीजा लगा हुआ है। मनमीत सिंह पिछले छह सालों से अब अपने गांव अलीपुर में रहकर 40 किला जमीन पर खेतीबाड़ी कर रहे हैं। मनमीत सिंह बताते हैं कि उनकी खुद की 15 किला जमीन है, बाकी उन्होंने ठेके पर ले रखी है। इस जमीन पर वह आलू, मक्की, धान व गेहूं की खेती करते हैं और सालाना अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं।

मनमीत कहते हैं कि भले ही वह कनाडा जितना कमाई यहां न कर सकें, लेकिन इतना संतोष है कि वह खेतीबाड़ी करके इज्जत की रोटी कमा रहे हैं। इतना मुनाफा कमा रहे हैं कि अपने बेटे व पत्नी को अच्छी जिंदगी दे पा रहे हैं। आजकल के युवा होड़ में विदेशों का रुख कर रहे हैं। विदेश जाने की चाह में वह अपनी खेतीबाड़ी योग्य जमीन व घर बेच रहे हैं और लाखों रुपये खर्च करके डंकी लगाकर भी अमेरिका जाने को तैयार हैं। उनकी युवाओं से यही अपील है कि अपने घर में भी रोटी है। यहीं खेतीबाड़ी करके इज्जत की रोटी खाएं। गैरकानूनी ढंग से इस तरह से विदेश जाकर अपने देश का नाम बदनाम न करें।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



# शादी की खुशियों में छाया मातम, जालंधर में हर्ष फायरिंग के दौरान सरपंच के पति को लगी गोली, मौके पर ही मौत

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** गोराया में शादी का माहौल मातम में बदल गया। जागो समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

उसकी पत्नी महिला सरपंच नीरू कौर ने बताया कि उसके पति परमजीत सिंह की मौत हार्ट अटैक से हुई है और उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया गया है।



पुलिस मामले की जांच कर रही है

### घटना का वीडियो वायरल

घटना 17 फरवरी की है। लेकिन शनिवार को इसका एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें जागो समारोह के दौरान व्यक्ति गोलियां चलाते नजर आ रहा है। दो गोलियां हवा में चलीं, एक गोली महिला सरपंच के पति को लगी दिख रही है।

घटना के विरोध में गांव वालों ने धरना दिया। उनका आरोप है कि परमजीत सिंह की मौत गोली लगने से हुई है जबकि इसे हार्ट अटैक बताया जा रहा है। साथ ही जिस व्यक्ति ने गोली मारी वह विदेश भाग चुका है। मौके पर पुलिस पहुंची और जांच शुरू कर दी। वहीं महिला सरपंच नीरू कौर का कहना है कि उसका पति बीमार था और उसकी हार्ट अटैक से मौत हुई है। उसे अस्पताल लेकर जाया गया जहां डॉक्टरों ने कहा कि उसे साइलेंट अटैक आया है। जिसके बाद अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

वहीं एक दूसरी खबर में थाना कैंटोनमेंट की पुलिस ने हेरोइन तस्करी करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को शुक्रवार दोपहर गिरफ्तार किया। आरोपितों से पांच किलो साठ ग्राम हेरोइन बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस कमिश्नर (सीपी) गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। जांच में सामने आया है कि आरोपितों के पाकिस्तानी नशा तस्करों के साथ संबंध हैं।

पकड़े गए आरोपित हवाला के जरिये नशे की पेमेंट देश और विदेश में कर रहे हैं।

आरोपितों की पहचान अमृतसर के बच्चीविंड निवासी गुरजंट सिंह, सीमावर्ती गांव राणियां निवासी जगजीत सिंह, तरनतारन जिले के गांव घरियाला निवासी साहिल कुमार, जिला फिरोजपुर के गांव गुरुहरसहाय में बस्तू दूने वाली निवासी रिंकू के रूप में हुई है।

सीपी ने बताया कि आरोपित ड्रोन के मार्फत पाकिस्तान से यह हेरोइन की खेप मंगवाकर सुरक्षित ठिकाने लगाने का कारोबार कर रहे थे। पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त आरोपित शुक्रवार को हेरोइन की यह खेप ठिकाने लगाने जा रहे हैं।

इस आधार पर नाकाबंदी कर पुलिस ने चारों को धर लिया।

# पाकिस्तान से ड्रग्स मंगवाकर पंजाब में करते थे सप्लाई, चार तस्करों को पुलिस ने दबोचा; पांच किलो हेरोइन बरामद

**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** थाना कैंटोनमेंट की पुलिस ने हेरोइन तस्करी करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को शुक्रवार दोपहर गिरफ्तार किया। आरोपितों से पांच किलो साठ ग्राम हेरोइन बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।



**पाकिस्तान के नशा तस्करों से है संबंध** - पुलिस कमिश्नर (सीपी) गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। जांच में सामने आया है कि आरोपितों के पाकिस्तानी नशा तस्करों के साथ संबंध हैं।

पकड़े गए आरोपित हवाला के जरिये नशे की पेमेंट देश और विदेश में कर रहे हैं। आरोपितों की पहचान अमृतसर के बच्चीविंड निवासी गुरजंट सिंह, सीमावर्ती गांव राणियां निवासी जगजीत सिंह, तरनतारन जिले के गांव घरियाला निवासी साहिल कुमार, जिला फिरोजपुर के गांव गुरुहरसहाय में बस्तू दूने वाली निवासी रिंकू के रूप में हुई है।

**पुलिस ने सूचना के आधार पर की कार्रवाई** - सीपी ने बताया कि आरोपित ड्रोन के मार्फत पाकिस्तान से यह हेरोइन की खेप मंगवाकर सुरक्षित ठिकाने लगाने का कारोबार कर रहे थे। पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त आरोपित शुक्रवार को हेरोइन की यह खेप ठिकाने लगाने जा रहे हैं। इस आधार पर नाकाबंदी कर पुलिस ने चारों को धर लिया।

**पुलिस ने मसाज पार्लर में चल रहे जिस्मफरोशी का अड्डा पकड़ा** - वहीं एक दूसरी खबर में थाना अर्बन एस्टेट और स्पेशल सेल पटियाला पुलिस टीम ने थाना अर्बन एस्टेट स्थित मसाज और स्पा सेंटर की आड़ में चल रहा जिस्मफरोशी का अड्डा पकड़ा है। आरोपित थाईलैंड से विदेशी लड़कियां मंगवाकर जिस्मफरोशी का धंधा चल रहे थे।

यह कार्रवाई पुलिस टीम ने बीती 20 फरवरी को की थी, जिसमें संचालक सहित 24 आरोपित लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें 16 लड़कियां और आठ लड़के शामिल हैं। आरोपितों के खिलाफ पुलिस केस दर्ज करने के बाद अदालत में पेश कर एक दिन का पुलिस रिमांड पर लिया है। उक्त अड्डे से थाईलैंड समेत पटियाला, मोगा, सोनीपत, सहारनपुर और मुरादाबाद की महिलाएं शामिल थीं। गांव थेड़ी में एआरके और पंजाबी यूनिवर्सिटी के सामने सनशाइन स्पा सेंटर के नाम से यह सेंटर जतिंदर सिंह निवासी गांव अलीपुर और कर्मजीत सिंह निवासी सूलर के हैं। थाना अर्बन एस्टेट के अमनदीप सिंह बराड़ ने कहा कि आरोपितों से पूछताछ की जाएगी। इंस्पेक्टर अमनदीप सिंह बराड़ ने बताया कि उक्त स्पा सेंटर में मसाज की आड़ में जिस्मफरोशी का अड्डा पिछले करीब तीन महीने से चल रहा था। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपित कर्मजीत सिंह निवासी जोकि गांव थेड़ी में एआरके नाम का स्पा सेंटर चलाता है और थाईलैंड से लड़कियां मंगवा जिस्मफरोशी करवाता है।

# जालंधर में दरगाह में आठवीं बार चोरी, चोर ने सिर झुकाया - कान पकड़े फिर किया गलती का अहसास



**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** जालंधर के नकोदर के मोहल्ला कालिया स्थित पीर सखी सुल्तान दरगाह में चोरी की घटना सामने आई है। जहां एक चोर चोरी करते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। चोरी के बाद उसने सिर झुकाया, कान पकड़े और हाथ जोड़कर अपनी गलती का एहसास किया।

**दरगाह का ताला तोड़ की चोरी** -यह घटना 17 फरवरी को शाम 4:45 बजे घटी। चोर की उम्र लगभग 18 साल है। वह पहले मंदिर में आया और सिर झुकाया, फिर चोरी की। गुल्लक में लगभग 800 रुपये थे। चोर ने पास में रखे दूसरे गोले को भी तोड़ने की कोशिश की, लेकिन वह असफल रहा। इस संबंध में दरगाह के मुख्य सेवादार मोहल्ला कालिया निवासी संजीव शारदा काला ने बताया कि यह गोलक हर गुरुवार शाम को खोली जाती है। इस बार भी जब वे गुरुवार को दरगाह खोलने पहुंचे तो दरगाह का ताला टूटा हुआ था।

**चोर ने मंदिर में माथा टेका फिर की चोरी** - जिसके बाद दरगाह पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई तो 17 फरवरी की घटना सामने आई। पहले चोर ने मंदिर में माथा टेका और फिर बड़े गोले को तोड़ने की कोशिश की। जब वह नहीं टूटा तो वह दूसरी ओर रखे छोटे गोले को तोड़ने में सफल हो गया।

**पहले भी हो चुकी कई बार चोरी** - इस बीच, प्रशासकों ने कहा कि मंदिर में पहले भी करीब आठ बार चोरी हो चुकी है। हर बार चोरी की सूचना पुलिस को दी गई, लेकिन पुलिस एक बार भी चोर को पकड़ने में असफल रही। आयोजकों ने बताया कि पता चला है कि चोर नकोदर के निकट मोहल्ला रहमानपुर का रहने वाला है।

# संगरूर में CM मान ने सीवर सक्शन मशीनों को दिखाई हरी झंडी, सफाई कर्मचारियों को मिलेगी राहत

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** मुख्यमंत्री भगवंत मान शनिवार को संगरूर में सीवरेज सफाई के लिए नई मशीनों को हरी झंडी देने के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सुधार विभाग (एडमिस्ट्रेटिव रिफार्म मिनिस्ट्री) की जगह गर्वनेंस रिफार्म्स विभाग ने ले ली है।

**अन्य विभागों को किया जाएगा मर्ज** - इसके बाद अब बाकी विभागों को भी आपस में मर्ज करने के लिए वर्क जारी है, जल्द ही एक जैसे कई विभागों को मर्ज कर दिया जाएगा, ताकि उनकी वर्किंग में सुधार हो सके व विभागों से संबंधित कामकाज के लिए किसी को ईधर-उधर भटकना न पड़े।

मान ने कहा कि सिंचाई विभाग, ड्रेन विभाग, मृदा संरक्षण विभाग सभी पानी से संबंधित हैं, लेकिन इनसे संबंधित कामकाज के लिए लोगों को काफी भटकना पड़ता है। ऐसे ही विभागों को मर्ज करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि कामकाज में तेजी लाई जा सके व विभागों के स्टाफ को भी किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।




जिला फाजिल्का के अबोहर इलाके में पानी का स्तर गिरने से तीन हजार एकड़ फसल प्रभावित होने के सवाल पर मान ने कहा कि इस इलाके को सेम प्रभावित इलाका घोषित करने हेतु केंद्र सरकार तक डिमांड करेंगे। मुक्तसर साहिब के इलाके में करीब 18 हजार किलोमीटर वर्ग एरिया में पोटाश मिला है, इस बाबत भी केंद्र को जानकारी दी जाएगी।

**मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा**

पेंडू विकास व पंचायत विभाग में पिछले 19 वर्ष से काम कर रहे रूरल हेल्थ फार्मेसी अफसरों को प्राथमिक वेतन डीए समेत लागू करने और जल्द पक्का करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री भगवंत मान के एडिशनल प्रिंसिपल सचिव वरजीत वालिया को नाम ज्ञापन सौंपा गया। यूनियन सदस्य संदीप सिंह ने कहा कि पंजाब सरकार पिछले कई वर्षो से उनकी मांगों को लगातार अनदेखा कर रही है। वह जून 2006 से पेंडू विकास व पंचायत विभाग अधीन चल रहीं पेंडू डिस्पेंसरी में बतौर रूरल फार्मेसी अफसर ठेके पर काम कर रहे हैं।

**मिलता है केवल 11 हजार वेतन**

उच्च योग्यता होने के बावजूद सरकार उन्हें मात्र 11 हजार रुपये वेतन दे रही है। नवंबर 2020 के बाद वेतन नहीं बढ़ाया गया, जबकि सरकार के फ्लेगशिप प्रोग्राम जैसे आम आदमी क्लीनिक की शुरुआत के समय उनको बगैर किसी इंसेंटिव से काम करवाया गया।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in



# महाशिवरात्रि पर भीड़ संभालने का महा-प्लान, अभी रोज डुबकी लगा रहे एक करोड़ से ज्यादा भक्त



**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** महाकुंभ का दिव्य, भव्य आयोजन अब अपने आखिरी पड़ाव की ओर अग्रसर है। ऐसे में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के आखिरी स्नान पर्व के पहले तीर्थराज में स्नान करने की इच्छा से प्रतिदिन एक से डेढ़ करोड़ की संख्या में स्नानार्थियों का रेला प्रवेश कर रहा है।

## स्थानीय प्रशासन ने भी तेज कर दी तैयारियां

सीएम योगी के विजन को मिशन मानकर आखिरी मुख्य स्नान पर्व से पूर्व रविवार व प्रमुख स्नान पर्व के पूर्व के दिनों में जुटने वाली अपार भीड़ के कुशल प्रबंधन के लिए स्थानीय प्रशासन ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं। रेलवे, ट्रैफिक डायवर्जन, पार्किंग समेत विभिन्न प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए विधिवत प्लान तैयार कर धरातल पर उतारा जा रहा है।

इसे समुचित तरीके से लागू करने और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े इस बात को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों ने खुद मोर्चा संभालते हुए ग्राउंड जीरो पर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है।

## आखिरी स्नान पर्व के पूर्व श्रद्धालुओं में वृद्धि

प्रयागराज के डीएम रविंद्र कुमार मांदड़ ने बताया कि सीएम योगी के विजन अनुसार रेलवे-एयरपोर्ट, रोडवेज के माध्यम से और दोपहिया-चौपहिया पार्किंग के माध्यम से आखिरी स्नान पर्व के पूर्व श्रद्धालुओं के आवागमन में वृद्धि हुई है।

भारी भीड़ को देखते हुए विधिवत प्लान तैयार किया गया था जिसको धरातल पर उतारते हुए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और उनकी यह यात्रा सुखद रहे, इस बात को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तमाम तरीके के प्रयास किए जा रहे हैं। आखिरी स्नान पर्व को देखते हुए इन प्रयासों में तेजी लाई जा रही है।

## फील्ड में रहकर मानीटरिंग कर रहे हैं अधिकारी-कर्मचारी

डीएम के अनुसार, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए लगातार सभी अधिकारी-कर्मचारी फील्ड में रहकर मानीटरिंग कर रहे हैं। स्थानीय लोगों, श्रद्धालुओं सभी का अनुभव अच्छा रहे इसके लिए खुद सीएम योगी लगातार मानीटरिंग कर रहे हैं। ऐसे में, शहर के सभी बार्डर्स पर जिलों के साथ अच्छा समन्वय व तालमेल स्थापित किया जा रहा है।

मांदड़ ने बताया कि कहीं पर भी डायवर्जन को लागू करने के लिए डीएम, एसपी से भी लगातार संवाद बना हुआ है। एडीजी जोन व मंडलायुक्त की अध्यक्षता में यह कार्य निरंतर जारी हैं, जिससे अच्छा समन्वय स्थापित हुआ है और इसके माध्यम से लगातार चर्चा करके सभी कार्यों को पूरा किया जा रहा है।



आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



# पार्टी में मेरी भूमिका क्या है, मैं क्या करूं, कांग्रेस नेताओं के रुख से परेशान शशि थरूर ने राहुल से पूछा सवाल

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** कांग्रेस के भीतर संवाद को लेकर पहले भी सवाल खड़ा होता रहा है। इस बार पार्टी के वरिष्ठ नेता व सांसद शशि थरूर ने मोर्चा खोला है। जिन्होंने राहुल गांधी से मिलकर पार्टी के भीतर उन्हें अलग-थलग किए जाने को लेकर न सिर्फ नाखुशी जताई है बल्कि उनसे पार्टी के भीतर अपनी भूमिका भी पूछा है।

शशि थरूर की राहुल गांधी से यह मुलाकात 18 फरवरी को हुई थी। सुबह से चल रही खबरों के बीच भी थरूर ने एक पोस्ट किया जो रोचक है। उसमें उन्होंने कहा है जहां अज्ञान आनंद है, वहां बुद्धिमानी मूर्खता है।



### क्यों सामने आई थरूर की नाराजगी?

शशि थरूर की यह नाखुशी ऐसे समय सामने आयी है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा की सराहना किए जाने के बाद से वह पार्टी के लगातार हाशिए पर है। उनके इस बयान के बाद पार्टी की केरल इकाई ने अपने मुखपत्र में शशि थरूर की पार्टी लाइन से अलग हटकर बोलने को लेकर कड़ी आलोचना की।

### बयान पर दी थी सफाई

हालांकि थरूर ने इसके बाद साफ किया था कि उन्होंने जो बयान दिया था वह राष्ट्रहित में दिया था न किसी पार्टी के नेता की हैसियत से। बावजूद इसके पार्टी के भीतर उनके खिलाफ तलवारें खिंची हुई है। ये स्थिति तब है जब वह उसी केरल राज्य से चुनकर आते है, जहां से अबतक राहुल गांधी सांसद थे और अब उसी वायनाड सीट से प्रियंका गांधी चुनकर आयी है।

### राहुल गांधी से मिले थरूर

सूत्रों के मुताबिक पार्टी के भीतर कोई भी भूमिका न दिए जाने से नाराज थरूर ने राहुल गांधी से मुलाकात में इस मुद्दे को उठाया और पूछा कि %वे बताए कि पार्टी में उसकी क्या भूमिका है। मुझे लग रहा है कि पार्टी मुझे और मेरी नेतृत्व क्षमता को दरकिनार कर रही है। इससे मैं काफी असहज हूं।% इतना ही नहीं, उन्होंने संसद में उन्हें बोलने का मौका न दिए जाने का भी मुद्दा उठाया। साथ ही कहा कि यदि पार्टी उन्हें राज्य की राजनीति में ले जाना चाहती है, तो वह भी साफ करें।

### राहुल ने नहीं दिया थरूर के सवालों का जवाब

सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी ने उन्हें ठीक तरीके से सुना लेकिन उनके सवालों पर कोई जवाब नहीं दिया। जानकारों की मानें तो थरूर वैसे भी शुरू से ही कई मौकों पर पार्टी लाइन से अलग राय देते रहे है, लेकिन पार्टी की नाराजगी तब से बढ़ी हुई है, जब उन्होंने पार्टी अध्यक्ष पद के लिए पार्टी से शीर्ष नेतृत्व की पसंद से अलग हटकर ताल ठोंक दी थी। अब यह खुलकर दिखने लगा है।




## जालंधर में तेज रफ्तार ऑल्टो कार पेड़ से टकराई, लगी भीषण आग

**जालंधर( पवन कश्यप ) :** जालंधर में एक तेज रफ्तार ऑल्टो कार बेकाबू होकर पेड़ से टकराई गई। इस दौरान कार में भीषण आग लग गई। यह हादसा थाना लोहियां के गांव बाड़ा जागीर के पास हुआ । हादसा इतना भीषण था कि पेड़ से कार की टक्कर होने के बाद कार में आग लग गई। देखते ही कार बुरी तरह से जल गई।

**घटना में चालक गंभीर रूप से घायल**

घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। दमकल विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह से जलकर क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। हालांकि, इस घटना में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

**संतुलन बिगड़ने के कारण हुआ हादसा** -कार चालक की पहचान अमनप्रीत सिंह शाहकोट के रूप में हुई है। फिलहाल अमनप्रीत सिंह को उपचार के लिए लोहियां के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, चालक का संतुलन बिगड़ने के कारण हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए।



# वैशाली के एक फ्लैट में चल रहा था गंदा काम, चार महिलाओं को किया गया रेस्क्यू; तीन गिरफ्तार



**जालंधर( अंशु कपूर ) :** कौशांबी थाना क्षेत्र के वैशाली सेक्टर पांच में एक फ्लैट में पुलिस ने देह व्यापार का पर्दाफाश किया है। मौके से संचालक, संचालिका और एक ग्राहक को गिरफ्तार कर चार महिलाओं को रेस्क्यू किया गया है। मौके से तीन मोबाइल, आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है। सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम की ओर से मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

पुलिस को सूचना मिली कि वैशाली सेक्टर पांच के भूतल पर बने एक फ्लैट में देह व्यापार चल रहा है। शुक्रवार रात को सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव, थाना प्रभारी कौशांबी संदीप कुमार के साथ मौके पर पहुंचकर छापा मारा। मौके पर महिलाएं व पुरुष आपत्तिजनक स्थिति में मिली। पुलिस ने मौके से संचालक, संचालिका और एक ग्राहक को दबोच लिया। चार महिलाओं को रेस्क्यू किया। सभी को थाने लाया गया।

**कौशांबी थाना क्षेत्र में पूर्व में पकड़े गए देह व्यापार के मामले**

- 22 जनवरी को कौशांबी थाना क्षेत्र के आयुष होटल में देह व्यापार का पर्दाफाश, संचालक संचालिका समेत आठ गिरफ्तार
- 20 जनवरी को वैशाली सेक्टर तीन की एल्कान सोसायटी में किराए के फ्लैट में चल रहा देह व्यापार का पर्दाफाश, संचालिका व एक ग्राहक गिरफ्तार
- 19 जनवरी वैशाली सेक्टर चार के श्रीराम प्लाजा में दो स्पा सेंटर की आड में देह व्यापार का पर्दाफाश संचालक-संचालिका समेत पांच गिरफ्तार
- 14 जनवरी को वैशाली सेक्टर चार में पुलिस बूथ के सामने शाप्रिक्स माल में स्पा सेंटर में देह व्यापार का पर्दाफाश, संचालिका समेत तीन गिरफ्तार

**पुलिस ने मौके से आपत्तिजनक समाग्री बरामद की :** मौके से पुलिस ने तीन मोबाइल, आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। सहायक पुलिस आयुक्त की ओर से कौशांबी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पकड़ा गया संचालक करावल नगर दिल्ली का मौ. जाहिद है, जबकि ग्राहक दिल्ली के लक्ष्मीनगर का रहने वाला है। एक माह पूर्व किराये पर फ्लैट लिया गया था।

तभी से यहां पर देह व्यापार चल रहा था। पुलिस दोनों संचालकों का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है।

**रुपये का लालच देकर जबरन करा रहे थे देह व्यापार :** पुलिस जांच में सामने आया है कि चारों महिलाएं दिल्ली की रहने वाली हैं। उन्हें रुपयों को लालच देकर जबरन देह व्यापार कराया जा रहा था। ग्राहकों से काफी रुपये लिए जाते थे। उन्हें कुछ रूपये दे दिए जाते थे। घर चलाने और लोक लिहाज के डर से उन्होंने मजबूरन यह काम कराना पड़ रहा था।

**मोबाइल से ग्राहकों से करते थे संपर्क :** पुलिस को मौके से तीन मोबाइल संचालकों के मिले हैं। जिसमें कई महिलाओं व युवकों के फोटो थे। वाट्सएप के माध्यम से यह लोग ग्राहकों को भेजते थे। इसके अलावा ग्राहकों से कई चेटिंग भी पुलिस को मिली है।

पुलिस ने डाटा कब्जे में ले लिया है। कौन कौन गिरोह में शामिल है इसकी जांच शुरू कर दी है।



# मुंह में होने वाली ये दिक्कतें कहीं हाई ब्लड शुगर का संकेत तो नहीं?



डायबिटीज एक आम लेकिन बेहद ही गंभीर बीमारियों में से एक है। इसमें परहेज और खान-पान पर विशेष ध्यान देना होता है।

एक्सरसाइज और लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाली डाइट लेने भर से शुगर को आसानी से कंट्रोल में रखकर हेल्दी लाइफ एंजॉय की जा सकती है, लेकिन थोड़ी सी लापरवाही भी इस बीमारी को अचानक से घातक बना सकती है। हाई ब्लड शुगर लेवल कई जानलेवा बीमारियों का जोखिम पैदा करता है, इसलिए अपने ब्लड शुगर के स्तर पर हमेशा नजर रखनी चाहिए और कोई भी संकेत अगर शरीर से मिले तो सचेत हो जाना चाहिए। तो चलिए आपको बताएं कि जब डायबिटीज का स्तर यानि ब्लड शुगर खतरे के निशान पर होता है तो मुंह में क्या और कैसे लक्षण नजर आते हैं।

अगर आप अपने दांतों को ब्रश करते हैं और आपके मसूड़ों से खून आने लगता है, तो दांत ही नहीं, ब्लड शुगर बढ़ने का भी संकेत हो सकता है। मसूड़ों की सूजन भी डायबिटीज का ही एक संकेत है, लेकिन ऐसा नहीं है कि मसूड़े में सूजन किसी अन्य कारण से नहीं हो सकते, लेकिन अगर आप ब्लड शुगर के पेशेंट हैं तो आपको इस संकेत को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। अगर मसूड़ें अचानक से बेहद लाल नजर आने लगें और उसमें सूजन भी दिखे तो मसूड़े की दिक्कत के साथ डायबिटीज के बढ़ने का संकेत भी हो सकते हैं। ब्रश करने दौरान अगर आपके मसूड़े पीछे हट जाते हैं, तो ये संकेत भी डायबिटीज का हो सकता है। उम्र के साथ दांत कमजोर होने लगते हैं, लेकिन अगर आपके दांत अचानक से टूट रहे तो आपको इसे सामान्य रूप से नहीं लेना चाहिए। दांत का कमजोर होकर टूटना डायबिटीज का संकेत है। अगर सांसों से बदबू आ रही या सांस लेने पर किसी फल की महक आती है तो ये सीधा सा संकेत डायबिटीज का है। डायबिटीज में मुंह मे स्लाइवा यानी लार बनने की प्रक्रिया कम हो जाती है। इससे मुंह सूखने लगता है और बार-बार प्यास लगती है। यही कारण मुंह से बदबू का भी होता है। तो अगर आप डायबिटीज या हाई बल्ड शुगर के मरीज है तो आपको इन लक्षणों पर ध्यान देना चाहिए। क्योंकि ये आम मुंह की समस्या के साथ ही शुगर बढ़ने का भी संकेत देते हैं।

# महिलाओं को जरूर करना चाहिए इनका सेवन

महिलाएं घर परिवार की जिम्मेदारी के साथ अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना भूल जाती हैं। ऐसे में शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। बच्चा होने के बाद शरीर में कई तरह के बदलाव आते हैं। उम्र बढने् के साथ महिलाएं कमर दर्द और जोड़ों के दर्द से सबसे ज्यादा परेशान रहती हैं। महिलाओं की शारीरिक क्षमता पुरुषों से कम होती है और जिम्मेदारियां कई मामलों में ज्यादा होती हैं। ऐसे में महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का बहुत ख्याल रखना चाहिए। महिलाओं को रोजाना दूध जरूर पीना चाहिए। दूध से शरीर को कैल्शियम और विटामिन डी मिलता है। आप डाइट में लो फैट मिल्क शामिल करें। इससे हड्डियाँ मजबूत बनेंगी और ओवरी के ट्यूमर का खतरा भी कम हो जाता है। महिलाओं को खूबसूरत और जवां बनाए रखने में टमाटर मदद करता है। टमाटर में लाइकोपीन नाम का पोषक तत्व होता है, जो ब्रेस्ट कैंसर से बचाने का काम करता है। इसमें पावरफुल एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो दिल की बीमारियों से लडने् में मदद करते हैं। महिलाओं के लिए बेरी भी बहुत फायदेमंद हैं। इससे स्किन हेल्दी बनती है और एंटी-कैंसर पोषक तत्व होते हैं।



चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा गर्भावस्था में भी बेरीज खाने की सलाह दी जाती है। महिलाओं को जवां बनाए रखने में आंवला मदद करता है। आंवला में विटामिन सी होता है, जो बाल और स्किन को हेल्दी बनाने के साथ आपकी इम्यूनिटी को मजबूत बनाता है। आंवला में पौटेशियम, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, आयरन और मैग्नीशियम भी पाया जाता है।

# शरीर को तरोताजा रखता है नींबू पानी, बढ़ती है इम्यूनिटी

हमारे शरीर को प्रतिदिन कई सारे विटामिन्स की जरूरत होती है जिनकी कमी होने पर बीमारियाँ आ जाती हैं। इन्हीं विटामिन्स में से एक है विटामिन-सी जो शरीर की इम्यूनिटी बूस्ट करने का काम करता है। गर्मियों के दिनों में इसका सबसे अच्छा स्त्रोत माना जाता है नींबू को जिसके उत्पाद बहुत पसंद किए जाते हैं और शरीर को ठंडक प्रदान करते हैं।



इस बात की जानकारी सभी को है कि नींबू का सेवन करने से हेल्थ काफी अच्छी रहती है और यह काफी फायदेमंद होता है। नींबू पानी भी शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। गर्मियों में नींबू पानी जरूर पीना चाहिए जिससे शरीर डिडाइड्रेटेड न हो और बॉडी में ताकत बनी रहे। नींबू पानी इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए भी प्रयोग किया जा सकता है। नींबू पानी में कई प्रकार के पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर को स्वस्थ रखते हैं। वहीं सुबह खाली पेट इसको पीने से वजन कम करने में बहुत सहायता मिलती है। साथ ही साथ पेट की समस्याओं से भी छुटकारा मिल जाता है। जिनको गैस की समस्या है उनको सुबह हल्के गर्म नींबू पानी का सेवन अवश्य करना चाहिए। नींबू से शरीर को विटामिन सी, पोटेशियम और फाइबर मिलता है। वैसे तो नींबू पानी को किसी भी वक्त पिया जा सकता है लेकिन यह सबसे ज्यादा असरकारक तब होता है जब आपका पेट पूरी तरह से खाली हो अर्थात् सुबह उठने के बाद फ्रेश होकर नींबू पानी को पिया जाए तो इसके कई सारे फायदे होते हैं। आइए डालते हैं एक नजर खाली पेट नींबू पानी पीने से होने वाले फायदों पर-सुबह नींबू पानी पीने से त्वचा में निखार आता है। रोज नींबू पानी का सेवन करने से चेहरे के दाग धब्बे भी गायब हो जाते हैं। इससे झुर्रियों से भी छुटकारा मिल जाता है। ग्लोइंग स्किन के लिए नींबू पानी बहुत मददगार साबित हो सकता है। नींबू में विटामिन सी होता है जिसकी वजह से शरीर की इम्यूनिटी पावर को बढ़ाने में मदद मिलती है। रोज सुबह खाली पेट नींबू पानी पीने से इम्युनिटी पावर को बढ़ाया जा सकता है। ऐसी कई ड्रिंक्स हैं जो इम्यूनिटी को बढ़ा सकती हैं मगर नींबू सबसे सस्ती इम्यूनिटी बूस्टर ड्रिंक है। नींबू पाचन क्रिया में बहुत मददगार साबित होता है। रोजाना सुबह नींबू पानी पीने से पूरे दिन की पाचन क्रिया को दुरुस्त बनाया जा सकता है। इससे एसिडिटी से भी मुक्ति पाई जा सकती है। रोजाना लोग एनर्जी से भरपूर बने रहना चाहते हैं।

रोज सुबह नींबू पानी पीने से शरीर को पूरे दिन के लिए एनर्जी मिलती है। नींबू पानी के सेवन से तनाव से लडने् के लिए एनर्जी मिल जाती है और इससे मूड को भी हल्का बनाया जा सकता है। नींबू पानी वजन कम करने में आपकी सहायता कर सकता है। असल में, नींबू में पाया जाने वाला पेक्टिन फाइबर शरीर को भूख फील नहीं होने देता। जिसकी वजह से कोई भी असमय स्नैक्स जैसे फूड्स नहीं खाता। इससे वजन को कम करने में काफी आसानी होती है। साथ ही नींबू पानी शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालकर वजन कम करने में भी मदद करता है।

# महिलाओं को वेट लॉस करने में मदद करते हैं सुपरफूडस




बढ़ती उम्र में अक्सर महिलाओं को वेट गेन की समस्या बनी ही रहती है, ऐसे में वेट को कंट्रोल करना चाहते हैं तो कई तरह के टिप्स को अपनाने कि जरूरत होती है। जैसे कि रोजाना जिम जाना, रनिंग करना, डाइटिंग इत्यादि। लेकिन हम आपको इन आसान से सुपरफूड्स के बारे में बताएंगें जो वेट लॉस में बहुत ही ज्यादा मददगार। इनको अपनाने से वेट काफी हद तक कंट्रोल में हो जाएगा, वहीं पेट में जमी चर्बी भी दूर हो जाएगी।

महिलाओं के लिए ये सुपरफूड्स आ सकते हैं बेहद काम, वेट लॉस से लेकर कई बीमारियों को दूर करने में करते हैं मदद: वेट का बढ़ना अपने साथ कई सारी गंभीर समस्यायों को लेकर आता है जैसे कि हार्ट अटैक, मानसिक समस्याएं, स्ट्रोक की बीमारी आदि। वेट का बढ़ना डेली लाइफस्टाइल को भी बहुत ही ज्यादा प्रभावित करता है, इसके बढ़ने से चाल-फेर से लेकर उठने-बैठने तक में कई सारी गंभीर समस्यायों का सामना करना पड़ सकता है। मोटापे का असर वहीं हड्डियों के सेहत के ऊपर भी पड़ता है, हड्डियां धीरे-धीरे कमजोर हो जाती हैं। वहीं पब मेड द्वारा हाल ही में एक रिसर्च की गई है जिसके दौरान पता चला है कि मोटापे का तेजी से बढ़ना साइकोलॉजिकल डिसऑर्डर का कारण भी बन सकता है। इसलिए इसे नियंत्रित करने कि बहुत ही ज्यादा आवश्यकता होती है। अनानास का सेवन सेहत के लिए बहुत ही ज्यादा बेहतरीन होता है,इसमें एंटी ऑक्सीडेंट्स, एंटी इन्फ्लामेट्री, ब्रोमेन जैसे कई सारे तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। ये मोटापे के साथ प्रोटीन को सही तरीके से डाइजेस्ट करने में बहुत ही ज्यादा मदद करते हैं। यदि आप मोटापे से ग्रसित हैं तो अनानास का सेवन रोजाना कर सकते हैं। दही का सेवन गर्मियों के मौसम में बहुत ही ज्यादा लाभदायक होता है, ये कैल्शियम और विटामिन का अच्छा सोर्स होता है। दही के रोजाना सेवन से प्रोबायोटिक्स शरीर को प्रचुर मात्रा में मिलता है।

ये वेट लॉस में मदद करता है, वहीं दही के रोजाना सेवन से बेली फैट की समस्या भी दूर हो जाती है। चुकंदर का सेवन सेहत के लिए बहुत ही ज्यादा बेहतरीन होता है, फाइबर की मात्रा भरपूर होती है जो बॉडी के कोलेस्ट्रॉल लेवल को नियंत्रित करने में मदद करती है। चुकंदर में वहीं बीटा केरोटीन की मात्रा भरपूर होती है, साथ ही साथ इसमें माइक्रोनुट्रिएंट्स की तरह प्रचुर जो मोटापे को नियंत्रित करने में सहायक होते हैं। ज्यादा फायदा चाहते हैं तो आप चुकंदर के जूस का भी सेवन कर सकते हैं टमाटर का सेवन सेहत के लिए बहुत ही ज्यादा लाभदायक होता है, इसमें पानी की मात्रा प्रचुर होती है।

ये गर्मियों के मौसम में बॉडी को लंबे समय तक हाइड्रेट रखने में मदद करती है। वहीं सॉल्युबल और इनसोलुब्ल फाइबर पाए जाते हैं। ये दोनों ही चीजों का बेहद अच्छा सोर्स होता है। टमाटर में कैलोरी की मात्रा बहुत ही कम होती है साथ ही साथ फाइबर की मात्रा भरपूर होता है।

# आपका दिल बहुत महत्वपूर्ण है जानिए ऐसी बातें जो जरुरी है



मानव हृदय न केवल भावनाओं और प्रेम से जुड़ा है, बल्कि शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग है जिसके चारों ओर अन्य अंग कार्य करते हैं। हृदय आपके पूरे शरीर में रक्त पंप करता है, आपकी हृदय गति को नियंत्रित करता है और रक्तचाप को बनाए रखता है। आपके हृदय के सभी अंग रक्त प्रवाह को बनाए रखने और अन्य अंगों को पोषक तत्व भेजने के लिए मिलकर काम करते हैं।

जब दिल धड़कना बंद कर देता है, तो एक व्यक्ति को चिकित्सकीय रूप से मृत घोषित कर दिया जाता है, जबकि यदि मस्तिष्क काम करना बंद कर देता है तो वह जीवित रहता है लेकिन कोमा में चला जाता है।

कवियों, लेखकों और गीत-नाटककारों ने हृदय को हमेशा रोमानी रूप दिया है। तो, अब जब हम जानते हैं कि यह अंग कितना महत्वपूर्ण है, तो हम आपके साथ दिल के बारे में कुछ अविश्वसनीय तथ्य साझा करते हैं, जिसकी संभावना आप नहीं जानते हैं।

### हृदय प्रति दिन 100,000 से अधिक

बार धड़कता है। यह प्रति मिनट लगभग 1.5 गैलन रक्त पंप करता है। एक दिन के दौरान, यह 2,000 गैलन से अधिक हो जाता है। आपके शरीर में 60,000 मील रक्त वाहिकाएं होती हैं। यह दुनिया भर में दो बार जाने के लिए पर्याप्त है। एक महिला की औसत दिल की धड़कन पुरुष के दिल की धड़कन की तुलना में लगभग 8 बीट प्रति मिनट तेज होती है। एक वयस्क हृदय लगभग 2 हाथों के आकार का होता है जो आपस में जुड़े होते हैं। एक बच्चे का दिल लगभग एक मुट्ठी के आकार का होता है। कॉर्निया के अलावा, मानव शरीर की हर कोशिका को हृदय से रक्त मिलता है।

# मानसून के दौरान आपकी फिटनेस के लिए इनडोर व्यायाम

प्रकृति के पूर्ण वैभव को देखने के लिए वर्ष का सबसे अच्छा समय मानसून के दौरान होता है। हालांकि, मानसून अपनी कभी न खत्म होने वाली बीमारी और ठंड के लिए कुख्यात है। पूरे मौसम में किसी की प्रतिरक्षा प्रणाली का परीक्षण किया जाता है। और यह वहां नहीं रुकता।

हैजा, डेंगू बुखार, या अन्य कष्टदायक बीमारियों के अनुबंध की संभावना हमेशा बनी रहती है। तो, एक सुरक्षित और स्वस्थ रहते हुए मानसून का आनंद कैसे ले सकते हैं? खाने की अच्छी आदतें, व्यायाम और पर्याप्त आराम कुछ ऐसे कारक हैं जो बारिश के मौसम में आपको सुरक्षित रख सकते हैं।

**पादंगुष्ठासन** (पैर का अंगूठा) पादंगुष्ठासन अष्टांग योग में एक मूलभूत आसन है। पदंगुष्ठासन शरीर की हर मांसपेशियों को सिर से पैर तक फैलाता है। यह शरीर को आराम देता है और बेचैनी को शांत करता है। यह अन्य बातों के अलावा फ्लैट पैरों के लिए फायदेमंद है।

**त्रिकोणासन** (त्रिकोण मुद्रा)त्रिकोणासन संस्कृत शब्द त्रिकोना (तीन कोनों) और आसन (मुद्रा) से लिया गया है। त्रिकोणासन योग, जिसे त्रिभुज स्थिति व्यायाम के रूप में भी जाना जाता है, एक स्थायी मुद्रा है जो शक्ति, संतुलन और लचीलेपन में सुधार करती है।

**उत्कटासन** (कुर्सी मुद्रा) कुर्सी मुद्रा, जिसे संस्कृत में अजीब कुर्सी मुद्रा और भयंकर रुख के रूप में भी जाना जाता है, आसन या योग अभ्यास का एक रूप है। कुर्सी की मुद्रा संतुलन और लचीलेपन में सुधार करते हुए आपके पैरों, ऊपरी पीठ और कंधों को मजबूत करती है।

